सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-564
21/12/2016

पूर्व मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद तरूण के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना, 21 दिसम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद तरूण के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा, उनके अंतिम संस्कार में सरकार की तरफ से ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्रों में भी अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******